हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 20 जुलाई 2025

06 खातों में नहीं आई ड्रेस की राशि, अधिकारी...



09 सीहोर से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा का...





## खबर संक्षेप

### 24 एवं 25 को होगा रोजगार कैंप आयोजित

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा निजि क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 24 जुलाई 2025 को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर एवं 25 जुलाई 2025 को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में रोजगार कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### खाद व उर्वरक के वितरण के निर्देश

**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में समर्थन मूल्य पर जारी मूंग उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य में बाधा डालने वाले तथा प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। जिला उपार्जन समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उपार्जन के लिए पहुंच रहे किसानों की समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।


### 10 दिवसीय मेला 29 जुलाई तक रहेगा जारी, महादेव के दर्शन करेंगे भक्त

# शिवभक्ति के प्रतीक पचमढ़ी नागद्वारी मेले का हुआ शुभारंभ, श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित प्राचीन नागद्वारी मंदिर के दर्शन के लिए 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा शुक्रवार 19 जुलाई से शुरू हो गई है। यह यात्रा 29 जुलाई तक चलेगी। नागपंचमी से पूर्व हर साल सावन महीने में लगने वाले इस मेले में नागपुर, वर्धा, छिंदवाड़ा, पांढुरना और विदर्भ क्षेत्र से लाखों श्रद्धालु पद्मशेष महाराज के दर्शन करने पहुंचते हैं। नागद्वारी मंदिर सतपुड़ा के घने जंगलों और ऊंचे-नीचे पहाड़ी रास्तों के बीच स्थित है। यह मंदिर कोर फॉरेस्ट क्षेत्र में होने के कारण साल में सिर्फ 10 दिन के लिए दर्शन के लिए खोला जाता है। श्रद्धालु नागफनी से यात्रा शुरू कर काजरी होते हुए नागद्वार तक पहुंचते हैं। कठिन पैदल यात्रा के बावजूद हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

जिले का वृहद मेलों में गिने जाने वाले नागद्वारी मेले का शनिवार का परंपरानुसार शुभारंभ किया गया। मेले का आयोजन 29 जुलाई तक जारी रहेगा।



#### पद्मशेष महाराज के होंगे दर्शन

गुफा में विराजते हैं पद्मशेष महाराज नागद्वार स्वामी सेवा ट्रस्ट नागपुर के अध्यक्ष और मंदिर के पुजारी उमाकांत झाड़े ने बताया, करीब 50 साल से मैं इस यात्रा से जुड़ा हूं। नागद्वार गुफा जिस पहाड़ पर है, वह शेषनाग के आकार का है। गुफा फन की ओर खुलती है, जिसमें पद्मशेष महाराज की मूर्ति स्थापित है। तेज बारिश में गुफा के अंदर से जलधारा भी निकलती है। गुफा के पीछे दादाजी धूनीवाले का स्थान भी है। झाड़े ने बताया कि, यह मेला पूरी तरह चमत्कारी और सुरक्षित होता है। इतनी कठिन यात्रा होने के बावजूद कभी कोई बड़ी दुर्घटना नहीं होती।



#### भोजन व विश्राम की व्यवस्था

काजरी से नागद्वार मंदिर तक करीब 25 स्थानों पर छोटे-बड़े भंडारे लगाए गए हैं। पंडाल दो दिन पहले से ही लगने शुरू हो गए थे। नागफनी से लेकर काजरी तक भी जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है।


#### अभिषेक करने निकले कांवड़िए

पचमढ़ी में महादेव के अभिषेक के लिए नर्मदापुरम सहित आसपास के क्षेत्रों से कावड़ियों का जत्था नर्मदा जल लेकर निकला। जो अभिषेक करेंगे। कावड़ियों के जत्थे इस दौरान पैदल यात्रा कर पचमढ़ी पहुंचेंगे। वहीं जगह-जगह कावड़ियों का स्वागत किया गया।

#### प्रशासनिक अधिकारी तैनात

यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मेले के दौरान 590 पुलिसकर्मी, 130 होमगार्ड, 50 आपदा मित्र और 12 एसडीआरएफ के जवान तैनात किए गए हैं। इनके साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदारआदि तैनात किये गये हैं।

## भाकि यूनियन टिकैत ने मूंग खरीदी को लेकर सौंपा आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारतीय किसान यूनियन द्वारा क्षेत्र के वेयरहाउसों पर जारी मूंग उपार्जन में किसानों को आ रही समस्याओं को लेकर शनिवार को एक आवेदन सोहागपुर एसडीएम के नाम सौंपा है। आवेदन में उल्लेख है कि किसानों को मूंग उपार्जन में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन अनुसार मूंग के खरीदी केंद्रों पर प्रबंधकों के एजेंट किसानों से 200 से 500 रुपये ले रहे हैं। शिकायत पर एसडीएम अनिल जैन ने क्षेत्रीय खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। संगठन के नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ठाकुर ने अधिकारियों को कहा है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो समस्त किसान भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले आंदोलन एवं चक्काजाम करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला जनसंपर्क प्रभारी शुभम राणा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रद्युम ठाकुर, नीलेश ठाकुर, भरतजी पटेल, अभिषेक ठाकुर, राहुल ठाकुर, राजकुमार पटेल, गोपाल पटेल, मेहरबान सिंह पटेल, प्रकाश पटेल एवं छोटे लाल ठाकुर पनारी शामिल थे।

### जिले में अब तक बारिश दर्ज

नर्मदापुरम। जिले में 1 जून 2025 से अब तक 597.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 264.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 17 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 11.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## नपाध्यक्ष ने पौध रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 23 में पौधरोपण कर पर्यावरण का संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में पार्षद सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित अमृत हरित अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 23 में पौधरोपण किया गया। साथ ही पौधरोपण कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में पार्षद बंटी परिहार, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, उपयंत्री रीना गुप्ता, गौरव वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने महिला भजन मंडल को भजन सामग्री वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने आज निज निवास स्थित कार्यालय पर वार्ड नंबर 15 के शिव शक्ति मंदिर महिला भजन मंडल को भजन सामग्री वितरित की। इस अवसर पर राज्य सांसद नारोलिया ने कहा कि भजन मंडलियों की सक्रिय भागीदारी समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सांस्कृतिक पहलें हमारी परंपराओं और मूल्यों के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती हैं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, बूथ अध्यक्ष धर्मेन्द्र जाट, विशाल दीवान, ऋषभ शुक्ला व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



भजन मंडल की लता शर्मा, किरण मधु सोनी, उर्मिला लिटोरिया, कामना सोनी, माया यादव, कुसुम, उषा तिवारी, रंजना दुबे, रेखा राजपूत, मधु गोहा, रीना मालवीय, वंदना यादव, छाया सराठे, ममता सेन, कमलाबाई, उषा दुबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने सांसद नारोलिया का भजन सामग्री प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया।

## सीएमओ ने ली राजस्व शाखा की बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा शनिवार को राजस्व शाखा की बैठक ली गई। जिसमें कर वसूली और ईकेवायसी में तेजी लाने के एआरआई को निर्देश दिए गए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नगरपालिका के अमृता सभाकक्ष में आज राजस्व शाखा के समस्त एआरआई की बैठक ली गई। जिसमें अधिक से अधिक कर वसूली तथा नियमित वार्ड भ्रमण और ईकेवायसी समय सीमा में पूर्ण करने



के निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी के साथ ही समस्त एआरआई और नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### होम साइंस कालेज में नशामुक्ति अभियान जारी

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 30 जुलाई तक 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कालेज की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने के सहयोग से युवा वर्गों एवं अन्य नागरिकों को जागरूक करने और नशे की लत से दूर रहने के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम, प्रतियोगिता एवं गतिविधियां आयोजित की गई। इसी श्रृंखला में रैली मानव श्रृंखला, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## आबकारी विभाग ने की कार्रवाई, मोटर बाइक सहित अरोपी से जब्त की अवैध मदिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के अवैध शराब निर्माण, विक्रय परिवहन संग्रहण के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में शनिवार को वृत नर्मदापुरम 'अ ' आबकारी टीम द्वारा फोरलेन से नर्मदापुरम शहर की ओर आ रही एक मोटरसाइकिल को संदेह के आधार पर इटारसी रोड पर रोककर तलाशी ली। तलाशी में दो बैग में 2 पेटी विदेशी मदिरा बीयर जप्त की गई,। वाहन चालक ने नाम पूछने पर अपना नाम अमन केवट निवासी आदमगढ़ नर्मदापुरम होना बताया। मौके पर संपूर्ण कार्यवाही कर



आरोपी को गिरफ्तार कर ,जप्त मदिरा एवं वाहन कब्जे आबकारी लेकर आरोपी पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1 (क) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया । इसके साथ ही विगत दिवसो में की गई कार्यवाही में 2 वाहन तथा 22 पाव व्हिस्की एवं 12 लीटर बीयर जप्त की गई । इस प्रकार कुल जप्त 36 लीटर बीयर और 4 लीटर व्हिस्की तथा 3 दोपहिया वाहन जप्त किए गए ।जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 162660 /- है ।कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक के के पडरिया , आबकारी मुख्य आरक्षक दुर्गाप्रसाद मांझी ,रघुवीर निमोदा , आरक्षक धर्मेंद्र बारंगे,गणपति बोबडे, भावना यादवका सराहनीय योगदान रहा । आबकारी दल द्वारा सूचना संकलित कर इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ।

## जश्ने चादर हुई रवाना, नगर में निकाली गई यात्रा, हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चादर कमेटी सरदार वार्ड इरफान खान के द्वारा बताया गया कि 30 वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया नागपुर शरीफ की चादर सरदार वार्ड में रखी गई तथा 18 जुलाई शुक्रवार को रखी गई शाम को लंगर नगर भंडारे का आयोजन किया गया तथारात 10:00 से परंपरा के अनुसार शमा महफिल का आयोजन भी किया गया तथा 19 जुलाई को सरदार वार्डसे लेकर मंगलवार चौराहे पर ब्रास बैंड के साथ रेलवे स्टेशन रोड तक चादर रावाना नागपुर के लिए की गई जिसमें सैकड़ो की सख्या में मुस्लिम समुदाय के सदस्य एवं अन्य समुदाय के महिला पुरूष भी यात्रा में शामिल हुए तथा गुलाब की पंखुड़ियां के बीच चादर शरीफ की अनेक लोगों ने दर्शन पूजन नमस्कार परिक्रमा भी लगाई गई।

## देशभक्त और धर्मभक्त प्रधानमंत्री मिलना इस देश का सौभाग्यः युवराज स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारत का सौभाग्य है कि हमें न सिर्फ देशभक्त बल्कि धर्मभक्त प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिले है। अब देश का नेतृत्व ऐसे हाथों में है जो सिर्फ देश की रक्षा ओर उसके विकास के लिए ही कृत संकल्पित है नहीं है। वो धार्मिक भावनाओं के अनुरूप भी कार्य कर रहे हैं। आतंकवादियों को घर में घुसकर मुंह तोड़ जब देने से लेकर काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो, वनारस हो, महाकाल हो, सभी धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। सरकार ने धर्मप्रेमी नागरिकों के लिए धार्मिक स्थलों पर पहुंचने के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था पर



जोर दिया जा रहा है। यह तभी संभव हो पाया है जब धर्मभक्त व्यक्ति प्रधानमंत्री के पद पर बैठे हैं। उक्त उदगार श्रीमती मनोरमा देवी गुप्ता एवं परिवार बेंगलुरु द्वारा सरल मंगल भवन में आयोजित चतुर्थ दिवस पर श्री श्री 1008 युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य जी महाराज ने व्यक्त किए। व्यासपीठ से संबोधित करते हुए युवराज स्वामी ने चतुर्थ दिवस गजेंद्र मोक्ष, श्रीराम लीला, श्रीकृष्ण अवतार एवं नंदोत्सव की कथा विस्तार से सुनाई। कथा में श्रीकृष्ण जन्म की खुशी से पूरा पांडाल झूम उठा। बधाइयां बजाई गई, मिष्ठान, मेवे का वितरण हुआ। व्यासपीठ से युवराज स्वामी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा ओर उसका महात्म्य विस्तार से बताया। नंदोत्सव कथा सुनाई।

## सिख गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शनिवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा इटारसी में सिखों के आठवें गुरु गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश उत्सव धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से मनाया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 13 जुलाई 2025 से सहज पाठ साहिब की आरंभ की गई। समूह साथ संगत के सहयोग से इस सहज पाठ साहिब की समाप्ति 19 जुलाई 2025 को प्रातः 11:30 पर हुई इसके पश्चात गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के हजूरी रागी सरदार अजीत सिंह के द्वारा कीर्तन किया गया। इसके उपरांत 1:00 से 2:30 बजे तक गुरु का अटूट लंगर बरताया गया । इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवादार सरदार जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि सिख पंथ के आठवें गुरु श्री गुरु हरिकिशन साहब जी ने बाल अवस्था में ही गुरु गद्दी धारण की एवं दीप



दुखियों के लिए अनेक परोपकारी कार्य किये इसके लिए उन्हें दीन दुखियों का मसीहा भी कहा जाता है। इस प्रकाश पर्व के अवसर पर समाज के सदस्य सरदार अमरजीत सिंह चावला द्वारा अपने बड़े भाई स्वर्गीय इंदर सिंह इंद्रजीत सिंह चावला की स्मृति में गुरु नानक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल इटारसी के मेधावी छात्रों को नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सेंट पैट्रिक्स स्कूल में नवगठित कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## स्कूल कैबिनेट में दायित्व निर्वहन, लोकतंत्र व समाज व्यवस्था को समझने का समय : प्राचार्य दिलीप मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के सेंट पैट्रिक्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को नवगठित स्कूल कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें पदधारी विद्यार्थियों ने निष्ठा, उत्कृष्टता व अनुशासन के साथ छात्र तथा विद्यालय हित में कार्य करने की शपथ ली।

शाला प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल प्राचार्य फादर दिलीप मिंज ने कहा कि स्कूल कैबिनेट में दायित्व मिलना दरअसल भारत की लोकतांत्रिक व सामाजिक व्यवस्था को समझने का समय है। कैबिनेट सदस्य इसे समझें कि स्कूल में मिले दायित्व भविष्य में समाज में



भी प्राप्त हो सकते हैं। एवं यह दायित्व अभ्यास भविष्य में समाज हित में काम आएगा। इस अवसर पर अतिथि रूप में उपस्थित पुलिस एसआई मेघा उदेनिया ने स्कूल कैबिनेट मेंबर्स को बधाई दी तथा उन्हें अनुशासनात्मक रूप से कार्य करने का परामर्श दिया। अन्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्कूल मैनेजृ अब्राहम मरियम माईकल व प्रधान आरक्षक विनोद नागर ने केबिनेट मेंबर्स व हाउस पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर कैबिनेट व हाउस में चयनित विद्यार्थियों के माता-पिता विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे।

#### यह है कैबिनेट स्वरूप

स्कूल प्राचार्य फादर दिलीप मिंज ने बताया कि प्राइम मिनिस्टर पद पर अनिकेत पटेल कक्षा 12 सहित डिप्टी प्राइम मिनिस्टर अनिकेत पटेल कक्षा 11, एजुकेशन मिनिस्टर रिया रघुवंशी, हेल्थ मिनिस्टर अंजना साहू, एक्सटर्नल मिनिस्टर उर्वशी तिवारी, कल्चरल मिनिस्टर रेचल सिंह, स्पोर्ट्स मिनिस्टर श्वेता रघुवंशी, डिसिप्लिन मिनिस्टर मुस्कान गोस्वामी, एनवायरमेंट मिनिस्टर अनूप व्यास, डिप्टी एजुकेशन मिनिस्टर अंजलि पटेल, डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर अथर्व बिल्लौरे, डिप्टी एक्सटर्नल मिनिस्टर मान्य मीना, डिप्टी कल्चरल मिनिस्टर आद्रिका दुबे, डिप्टी स्पोर्ट्स मिनिस्टर अक्शा शाह, डिप्टी डिसिप्लिन मिनिस्टर मानसी पटवा तथा डिप्टी एनवायरमेंट मिनिस्टर आराध्य मालवीय ने शपथ ली।

## पंचायत भवन स्वीकृत करने पर विधायक का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शनिवार को विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह को नवीन जनपद पंचायत भवन जिसकी लागत राशि-525.67 लाख रुपए स्वीकृत करने हेतु जनपद पंचायत माखन नगर परिवार की ओर से आभार एवं धन्यवाद दिया गया एवं स्थल चयन करने हेतु चर्चा की गई इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सावित्री परनामे , उपाध्यक्ष लालचंद यादव, जनपद पंचायत सदस्य भगवान दास यादव, राजेंद्र मीणा, सुनैना उइके, राजकुमारी यादव, सरपंच ग्राम पंचायत लता गोस्वामी (मढावन), देवेंद्र राजपूत (बिकोरी), पुष्पलता चौहान (मजोजलपुर) एवं अनिल कहार (सुआखेड़ी) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीत ताराम एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जाएगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जाएगी। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुंचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### यात्रा 23 जुलाई को सीवन व पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी

# सीहोर से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा का श्रीगणेश यात्रा करीब 160 किलोमीटर की पदयात्रा करेगी

शुक्रवार सुबह रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ की गई। यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर से लगातार तीसरी बार क्षेत्र में अच्छी बारिश, गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की मंगल कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा महाकाल उज्जैन प्रारंभ हुई। पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के पहले भगवान गणेश का विधि विधान से पूजा अर्चना कर आर्शीवाद ग्रहण किया।

इस दौरान पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पंडित मोहित राम पाठक, यात्रा में शामिल प्रमुख रूप से आशीष गहलोत, करणी सेना परिवार के ईश्वर सिंह चौहान, राजाराम कसोटिया, ब्लाक अध्यक्ष निशांत वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष संतोष पटेल, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, बृजेश पटेल, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, सेवा यादव, राजेश बोयत आदि शामिल थे। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से सुबह नौ बजे आरंभ हुई। इसके पश्चात शुगर फैक्ट्री माता मंदिर, त्यागी बाबा आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कालका मंदिर पान चौराहा, छावनी स्थित सब्जी मंडी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शहर सहित आस-पास के शिव भक्त शामिल थे। शुक्रवार को पदयात्रा के संयोजक आशीष गहलोत और करणी सेना परिवार के ईश्वर सिंह ठाकुर का पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, शैलेन्द्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पंडित मोहितराम पाठक ने स्वागत किया। शहरी क्षेत्र के पश्चात शहर के राधेश्याम विहार कालोनी में लगे भव्य पंडाल में जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे। वहीं मैन रोड पर मनोज दीक्षित मामा, हरीश मोटवानी, विष्णु संघानी, अजय रायकवार, राजेश बोयत, विनीत गोयल, संतोष पटेल सरपंच, कालू शर्मा, दिनेश भैरवे, हेमंत बैस दरबार, नरेन्द्र सिंह बैस, वंश चौहान, राजेश पटेल, जसरत सिंह और उघम सिंह ठाकुर आदि शामिल थे।

शुक्रवार सुबह रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ की गई। यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी। भगवान गणेश मंदिर, जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ कोठरी, आष्टा, जावर, देवास से होते हुए उज्जैन पहुंच जाएगी।

महाकाल मंदिर में ध्वजारोहण, सहस्त्रधारा महारूद्राभिषेक, महाआरती के साथ प्रसादी का वितरण होगा। पदयात्रा का आयोजन युवा समाजसेवी आशीष गेहलोत, करणी सेना के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य के द्वारा की जाएगी। पदयात्रा का उद्देश्य जनकल्याण की भावना, क्षेत्र में समृद्धि, खुशहाली रहे और अच्छी बारिश के अलावा नवीन फसल की अच्छी कामना को लेकर की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री गेहलोत ने बताया कि जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर और प्रसिद्ध गणेश मंदिर देश के श्रद्धालुओं में प्रसिद्ध है, इसलिए इन मंदिरों से पदयात्रा का श्रीगणेश किया गया है। सुबह विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक के साथ यात्रा करीब 160 किलोमीटर पदयात्रा करेगी।

### यह श्रद्धालु शामिल

महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा आशीष गेहलोत, ईश्वर सिंह ठाकर, बबलू सिंह ठाकुर, अमृत लाल मेवाड़ा, हरीश चंद्र आर्य, प्रकाश नागर, मीतेश कुमार राठौर, ईश्वर सिंह सिसोदिया, नितिन महेश्वरी, नरेन्द्रसिह चंद्रभान, मनोहर सिंह परमार, महेश सिंह परमार, सुरेश सिंह परमार, हर्षित परमार, कमलेश परमारा, विश्वजीत सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह राजपूत शामिल हैं।

## जगदीश मंदिर में किया जाएगा पौधारोपण



**सीहोर।** शहर के मध्य में स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में आगामी दिनों में पौधा रोपण के साथ ही भव्य टीन शेड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा।

मंदिर में लाखों की लागत से पेवर ब्लॉक लगाए गए है और गत दिनों जगदीश यात्रा निकाली गई थी, शुक्रवार को जगदीश यात्रा चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने यहां पर किए जा रहे निर्माण कार्य आदि पर चर्चा की। अध्यक्ष श्री परमार ने बताया कि परमार समाज के चंदर सिंह मंडलोई और पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल सहित निर्माण समिति की ओर से लंबे समय से मंदिर परिसर में विकास कार्य किए जा रहे है। आगामी दिनों में मंदिर में पौधा रोपण भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने और पौधारोपण करना, दोनों ही मंदिर की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं। पेवर ब्लॉक से मंदिर परिसर में एक साफ और व्यवस्थित रास्ता बनता है, जबकि पौधारोपण से हरियाली और शांति का वातावरण बनता है। परमार समाज के राज गुरु 232 मंदिरों के जीर्णोद्धार व अखिल भारतीय धर्म संघ के अध्यक्ष ब्रह्मलीन श्री 1008 पंडित काशीप्रसाद कटारे की प्रेरणा से इस मंदिर का जीर्णोद्धार सन 1961 में परमार समाज ने किया था।

अब मंदिर निर्माण समिति के द्वारा लाखों का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर में परमार समाज की ओर से समाज के शिव परमार, विष्णु परमार, जेपी परमार आदि ने बताया कि शीघ्र ही पौधा रोपण का कार्य किया जाएगा।

## पोषण आहार किट दी, 6 माह तक निक्षय मित्रों की करेंगे देखरेख



**भैरूंदा।** ग्रामीण क्षेत्र के 72 और शहरी क्षेत्र के 12 टीबी मरीजों को अधिकारियों ने निक्षय मित्र बनाकर गोद लिया है। अगले छह माह तक अधिकारी मरीजों के घर जाकर पोषण आहार किट देंगे। गुरुवार को एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी रोशन जैन, सीबीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी और तहसीलदार संदीप गौड़ ने मरीजों के घर पहुंचकर किट बांटे।कलेक्टर बालागुरु के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वे मरीजों के घर जाकर पोषण किट दें। इसके बाद गुरुवार को अधिकारी मिलन गार्डन, बजरंग कुटी, नर्मदा कॉलोनी, शंकर बिहार कॉलोनी और ग्रामीण इलाकों में पहुंचे। यहां मरीजों को किट बांटे गए। इस दौरान टीबी यूनिट सुपरवाइजर गौरीशंकर पुष्प और मनीष शर्मा भी मौजूद रहे। दोनों ने अभियान के तकनीकी पहलुओं और मरीजों की देखभाल से जुड़ी जानकारी साझा की।

## नशा मुक्ति अभियान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




शुक्रवार को मप्र पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे अभियान नशे से दूरी है कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर के निर्देशन में एवं एसडीओपी बुधनी के मार्गदर्शन में थाना रेहटी क्षेत्रांतर्गत सलकनपुर के आसपास की झुग्गी बस्तियों में थाना प्रभारी रेहटी एवं थाना रेहटी स्टाफ के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया एवं जिसमें युवाओं को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया व वार्ड में फ्लेक्स लगवाए गए एवं पोस्टर बाटे गए एवं नशा मुक्ति के लिए कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में लगभग 50-60 लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन का शौक पड़ा महंगा, पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



**बुधनी।** दिगंबर वॉटरफॉल पर प्रतिबंध के बावजूद बारिश का लुत्फ उठाने पहुंचे दर्जन भर लोगों को संयुक्त कार्यवाही में पकड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस, प्रशासन द्वारा घटना दुर्घटनाओं के मद्देनजर ऐसे स्थानो पर जाना प्रतिबंधित किया गया है इसके लिए बाकायदा चेतावनी के बोर्ड भी लगाए गए हैं और मीडिया माध्यम से भी लोगों को सूचित किया गया है एसडीएम दिनेश सिंह तोमर तथा एसडीओपी रवि शर्मा ने भी इन स्थानों पर पहुंच कर लोगों से प्रतिबंधित क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की थी, लेकिन बावजूद इसके शुक्रवार को राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही में दिगंबर वॉटरफॉल के पास पांच मोटर साइकिल सहित दर्जन भर लोगों को पकड़ा गया है इन पर पुलिस ने चालानी कार्यवाही की है।

## नशा मुक्ति जनजागरुकता अभियान के तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन मे कोतवाली थाना स्टॉफ द्वारा आवासीय खेल कूद परिसर भोपाल नाका, सीहोर में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व व्यापक जन संवाद किया गया एवं नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया। सभी बच्चों, शिक्षकगणों, को पमप्लेट व पोस्टर का वितरण किया गया एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रवीन्द्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक अंकुर साहित आवसीय खेल कूद परिसर के प्रचार्य आलोक शर्मा, अभिषेक भार्गव, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एव पुनर्वास केंद्र, सीहोर से साधना वाजपेई, मंशी शर्मा, प्रतीक्षा समाधिया, सुनैना वर्मा, संदीप जंगले 40 छात्र उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारियों ने की वेतन की मांग



**इछावर।** वाल्मीकि युवा संगठन जिला सीहोर द्वारा शुक्रवार को इछावर में समस्त सफाई कर्मचारियों के साथ राहुल वाल्मीकि जितेंद्र सिंघन बबलू पवार ध्रुव तंबोली संजय लोट के नेतृत्व में नगर पंचायत इछावर में सीएमओ के समक्ष राहुल वाल्मीकि द्वारा सभी कर्मचारियों के वेतन को लेकर बात की, जिसमें बताया गया कि अभी तक वहां वेतन नहीं दिया गया। सभी कर्मचारियों के लोन चल रहे है उनकी सिविल खराब हो रही है बच्चों के स्कूल कोर्स फीस में परेशानी आ रही है तत्काल सभी कर्मचारियों को वेतन दिया जाए। नगर पंचायत सीएमओ द्वारा तत्काल वेतन देने का आदेश दिया ओर वाल्मीकि युवा संगठन की मांग को स्वीकार किया।

# पद यात्रियों का रेहटी नगर आगमन पर हुआ स्वागत



**रेहटी।** नगर रेहटी के युवा रितिक चौहान एवं हरदा निवासी अभिषेक यदुवंशी का रेवती नगर आगमन पर नगर वासियों द्वारा स्वागत किया गया। लगभग 600 दिन पूर्व या दोनों ने अयोध्या से पैदल चारों धाम की परिक्रमा एवं 12 ज्योतिर्लिंग के पैदल दर्शन करने के पश्चात आज रेहटी पहुंचे तो यहां पर नगर वासियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

नए बस स्टैंड से स्वागत यात्रा प्रारंभ की गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई बजरंग मंदिर पहुंची जहां पर सभी सामाजिक संगठन के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं फूल माला से दोनों युवक का स्वागत किया गया एवं सम्मान किया गया। रितिक चौहान ने बताया कि हमारे मन में प्रेरणा हुई कि हम लोग पैदल ही चारों धाम की यात्रा एवं 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करेंगे इस दौरान हमें कुछ मुश्किलें भी आई लेकिन हमने हिम्मत नहीं आ रही और लगभग 600 दिन की इस यात्रा को आज हमने पूर्ण किया। इस मौके पर रेहटी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, राज्य सिलाई कला बोर्ड के अध्यक्ष मनोहर लाल महेश्वरी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल ट्रेलर भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर के अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, बजरंग मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, राजीव शर्मा ओमप्रकाश महेश्वरी नंदकिशोर सैनी, हरीश कुलकर्णी सहित बड़ी संख्या में नगर वासी के द्वारा सम्मानित किया गया।

### सभी पात्र बच्चों को दिलाएं बाल आशीर्वाद योजना का लाभ : कलेक्टर

# कलेक्टर ने की महिला व बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक विभाग की योजनाओं का बेहतर संचालन करें। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाए।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी पात्र और जरूरतमंद बच्चों का सर्वे किया जाए, जिनके माता-पिता नही हैं और उन्हें पात्रतानुसार मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का लाभ दिलाया जाए। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए पोषण संबंधी जानकारी की पेंटिंग कराने और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बुधनी एवं भैरूंदा में प्राप्त लाडली लक्ष्मी योजना के आवेदनों को 15 दिवस में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी में दर्ज गर्भवती धात्री महिलाओं को टीएचआर (टेक होम राशन) देने में तीन से छः वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत गर्म पका हुआ भोजन प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी टीएचआर हितग्राहियों की ईकेवाईसी कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को दुबलेपन, कम वजन एवं कुपोषण से बचाने के लिए तथा सभी बच्चों को सामान्य पोषण स्तर में लाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित होने मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों का निरंतर फॉलोअप किया जाए। उन्होंने पीएम मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण योजना, पीएम केयर फार चिल्ड्रन योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाला आशीर्वाद योजना, स्पॉनसरशिप एवं फास्टर केयर, मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम सहित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश कुमार खरे ने जिले में चल रही महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

## कलेक्टर ने किया आईटीसी फाइबर इनोवेशंस लिमिटेड यूनिट का निरीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. ने सीहोर के बड़ियाखेड़ी स्थित आईटीसी फाइबर इनोवेशंस लिमिटेड की निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के इस निर्माण इकाई द्वारा संचालित सभी गतिविधियों और निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया और विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. को जानकारी दी गई कि यह इकाई मोल्डेड फाइबर पैकेजिंग उत्पाद बनाती है, जो प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में कार्य करते हैं। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि आईटीसी फाइबर इनोवेशंस लिमिटेड की यह यूनिट 200 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है और जिले में हरित निर्माण को बढ़ावा दे रही है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कंपनी की कार्य संस्कृति, पर्यावरणीय दृष्टिकोण, नवाचार, सुरक्षा व्यवस्था एवं पूरी निर्माण प्रक्रिया को देखा और फैक्ट्री की उन्नत निर्माण प्रणाली, स्वच्छ कार्य वातावरण एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार उद्योग केंद्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, फैक्ट्री प्रमुख एवी हरिकृष्णा, मानव संसाधन प्रमुख अमित शर्मा तथा ऑपरेशंस प्रमुख सुमित द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्रामों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**हरदा।** स्वास्थ विभाग टीम ने शनिवार को विकासखंड खिरकिया के उप स्वास्थ्य केन्द्र पटाल्दा के ग्राम पटाल्दा, सांवरी, झिरपी, वासीगढ़, मगरिया, वारानाला, झापनादेह में टीकाकरण एवं ए.एन.सी जांच की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह एवं जिला एम एण्ड ई अधिकारी मनीष सकरगायें ने ग्रामों का भ्रमण कर टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने गर्भवती महिलाओं से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली एवं उपस्थित महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने के लिये प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने 22 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया अभियान की समीक्षा भी की गई।

### गेहूं का अधिकतम स्टॉक 3 हजार मीट्रिक टन रख सकते

**हरदा।** व्यापारियों के लिए 31 मार्च, तक के लिये गेहूँ के स्टॉक की सीमा निर्धारित कर दी गयी है। व्यापारी-थोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक और रिटेलर 10 मीट्रिक टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकते हैं। इसी तरह चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 मीट्रिक टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना मीट्रिक टन से अधिक भण्डारित नहीं होना चाहिये। प्रोसेसर के लिये स्टॉक की मात्रा उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2025-26 के शेष महीनों से गुणा करने पर मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिये।

### छात्रों ने आदिवासी जीवन पर पेंटिंग्स बनाई

**झिरन्या।** समीपवर्ती ग्राम मारूगढ़ स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता को लेकर नवाचार की एक अनूठी पहल की गई। जिसमें शिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।
इन पेंटिंग्स में आदिवासी जीवन-शैली, परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जो दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक एवं सुखद-अनुभव था। प्राचार्य रेखा रानी ने बताया कि इस पहल से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक-परम्पराओं को कायम रखने में मदद मिलेगी। इन्हें विद्यालय परिसर में सजाया गया था,जिनमें परंगों और डिजाइनों ने आदिवासी कला की समृद्धि को अविस्मरणीय बना दिया।

### नेत्र संक्रमण, नागरिकों से सावधानी की अपील


**खंडवा।** जिले में आंखों के संक्रमण विशेषकर कंजक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिला अस्पताल की नेत्र ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि नेत्र संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां अपनाएं। नेत्र संक्रमण से बचने के लिए आंखों को छूने से पहले हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना जरूरी है। संक्रमित व्यक्ति को चाहिए कि वह अपना तौलिया, तकिया, आई ड्रॉप और अन्य उपयोग की गई वस्तुएं घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। साथ ही स्वीमिंग पूल और तालाबों के उपयोग से भी बचने की सलाह दी गई है। संक्रमण की स्थिति में कॉन्टेक्ट लेंस पहनना बंद कर देना चाहिए और नेत्र चिकित्सक की सलाह मिलने के बाद ही दोबारा इसका उपयोग करना चाहिए। आंखों के सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। आंखों के आसपास किसी भी प्रकार के स्त्राव को दिन में कई बार साफ गीले कपड़े से पोंछना चाहिए और उस कपड़े को गर्म पानी से धोना आवश्यक है। यदि आंखों में जलन, चुभन या लालिमा जैसे लक्षण दिखें तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में परामर्श लेना चाहिए। सलाह के बिना कोई भी आई ड्रॉप ने लें।

### छात्रावास परिसर के भीतर पुलिस द्वारा की गई बर्बरता का किया विरोध

# नारेबाजी के बिना निकाली दो किमी लंबी रैली, हजारों लोग हुए शामिल

*राजपूत परिषद ने 2 बजे तक बंद का अह्वान किया था, दोपहर बाद खुलने लगा बाजार*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में राजपूत परिषद के आह्वान पर व्यापारियों ने शनिवार को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। पिछले रविवार राजपूत छात्रावास के भीतर घुसकर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और करणी सेना के प्रदर्शन कार्यक्रम में निर्दोषों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में यह बंद का आह्वान किया गया था। हालाँकि रैली निकलने के बाद दोपहर 2 बजे के बाद से लोगों ने प्रतिष्ठान खोलना शुरू कर दिया था। राजपूत परिषद ने भी 2 बजे तक बंद का अह्वान किया था। परिषद् के संभागीय सचिव अजय प्रताप सिंह ने बताया कि हरदा खिरकिया टिमरनी सिराली टिमरनी हंडिया करताना सहित संपूर्ण जिले के लोगों ने प्रतिष्ठान बंद रखकर पुलिस प्रशासन की गलत कार्रवाई का विरोध किया है। उनका कहना है कि छात्रावास परिसर के भीतर घुसकर पुलिस द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाई का विरोध समाज द्वारा किया जा रहा और शासन से मांग की जा रही है कि इसमें संबंधित दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। विभिन्न समाज के अध्यक्ष सचिव सहित अन्य लोगों ने भी बंद को समर्थन दिया और राजपूत परिषद के आह्वान पर निकली न्याय यात्रा और मौन रैली में हिस्सा लिया। करीब ढाई किलोमीटर लंबी रैली में हजारों लोग शामिल हुए और विभिन्न चौक चौराहा से रैली निकालकर वापस राजपूत छात्रावास पहुंचे। रैली की खासियत यह रही कि या रैली में किसी भी प्रकार की कोई नारेबाजी नहीं हुई और न ही लोगों ने हो-हल्ला किया। पूर्ण रूप से शांति और अनुशासन के साथ रैली राजपूत छात्रावास से शुरू होकर वापस राजपूत छात्रावास पहुंची। घंटाघर चौक पर महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

#### विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन

राजपूत परिषद के आह्वान पर बंद और रैली को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया है। इसमें राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हुए। जिसमें हरदा विधायक आर के दोगने सहित अन्य लोग शामिल थे। किन्नर समाज से माही दीदी सहित अन्य लोग भी इसमें जुड़े रहे। उन्होंने भी मामले में कहा कि जो लोग दोषी हैं। उनके खिलाफ कारवाई की जाए।

# राजपूत छात्रावास में पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में खिरकिया बंद रहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

पिछले सप्ताह हरदा में हुए पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में शनिवार को शहर बंद रहा। राजपूत समाज और सर्व समाज के आह्वान पर आयोजित किए गए बंद में व्यापारियों और आम नागरिकों ने जमकर अपना समर्थन दिया पूरे शहर में सभी दुकानें बंद रही यहां तक की चाय-पान तक के लिए नागरिक तरस गए। शहर का मुख्य चौराहा पीपल चौराहा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन क्षेत्र गल्ला मंडी क्षेत्र मंडी क्षेत्र गांधी चौक से लेकर छीपाबड़ तक में बंद का व्यापक असर देखा गया। करणी सेना के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह की गिरफ्तारी और उन्हें जेल भेजे जाने के बाद हरदा शहर एवं क्षेत्र में हुए असंतोष के बाद हुए घटनाक्रम में पुलिस द्वारा हरदा के राजपूत छात्रावास में जो निहत्थे लोगों पर लाठी चार्ज किया गया था उसके विरोध में शहर बंद शनिवार को बुलाया गया था तो पूर्णत सफल रहा।

गत 13 जुलाई 2025 को हरदा के राजपूत छात्रावास में प्रशासन द्वारा निर्दोष समाजजनों पर किए गए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की निंदा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को बैतूल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे इस प्रकरण की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है गुप्तेश्वर मंडल चारुवा के मंडल अध्यक्ष विजय राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी वही उन्होंने बताया के राजपूत छात्रावास में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर समाजजनों में गहरा रोष है यह प्रतिनिधिमंडल समाज के आत्म-सम्मान, युवाओं की सुरक्षा और प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक संगठित प्रयास है प्रदेश अध्यक्ष से बैतूल में हुई इस मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, जिला महामंत्री देवी सिंह सांखला, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, चारूवा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत, सिराली मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत, पूर्व जनपद अध्यक्ष जगदीश सोलंकी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष कलाम, विजय सिंह (सावनेर), उदय सिंह चौहान मंडल महामंत्री हेमंत राजपूत, नर्मदा प्रसाद, शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के समाधान कार्यक्रम का आयोजन 24 को

**टॉक शो में मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक ब्रह्माकुमार सूरज रहेंगे**



**खंडवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खंडवा द्वारा 24 जुलाई को शाम 5:30 बजे ₹समाधान कार्यक्रम₹ का भव्य आयोजन आनंद परिसर, आनंद नगर खंडवा में किया जाएगा। यह कार्यक्रम पीस ऑफ माइंड टीवी पर प्रसारित होने वाले प्रसिद्ध टॉक शो समाधान का लाइव संस्करण होगा, जो खंडवा नगर के जनमानस के आध्यात्मिक लाभार्थ आयोजित किया जा रहा है। इस टॉक शो में मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक ब्रह्माकुमार सूरज भाई रहेंगे। उनके साथ पीस ऑफ माइंड टीवी चैनल के सुप्रसिद्ध एंकर ब्रह्माकुमार रूपेश और माउंट आबू से पधार रहीं मोटिवेशनल स्पीकर एवं राजयोगिनी शिक्षिका बी.के. गीता दीदी भी शामिल होंगी। यह कार्यक्रम सांसारिक समस्याएं, आध्यात्मिक समाधान₹ विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरीय संवाद के रूप में होगा, जिसमें जीवन की जटिल समस्याओं के सरल समाधान प्रस्तुत किए जाएंगे। बीके शक्ति दीदी ने बताया कि कार्यक्रम के पहले रविवार सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन संस्था के सेवाकेंद्र भाग्योदय भवन, आनंद नगर खंडवा में किया जा रहा हैं। आयोजन की व्यवस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खंडवा की सेवा केंद्र प्रभारी बीके शक्ति दीदी द्वारा की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार स्कीम के कलेक्टर को निर्देश

**हरदा।** सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वाच्च न्यायालय के निर्देश मिले हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में नियमित मॉनीटरिंग कर रही है। समय-समय पर यह कमेटी विभिन्न राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जारी गाइड-लाइन्स की समीक्षा कर सर्वाच्च न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। परिवहन सचिव ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिये नकदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर्स को निर्देश भी जारी किये हैं। निर्देशों में बताया गया है कि यह स्कीम और गाइड-लाइन्स मई-2025 और जून-2025 में जारी हुई हैं। इसी के साथ मंत्रालय द्वारा 21 मई, 2025 को यूजर मैनेजमेंट पोर्टल भी जारी किया गया है। निर्देशों में बताया गया है कि सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कव्हरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कम्पनियों के सहयोग से बनाये गये फण्ड से स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए) द्वारा अस्पताल के दावे को मंजूरी दिये जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फण्ड से किया जायेगा। योजना में अस्पताल से दुर्घटना तारीख से अधिकतम 7 दिनों की अवधि में प्रति व्यक्ति के लिये एक लाख 50 हजार रूपये तक के उपचार की व्यवस्था है। दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति उसका परिवार दुर्घटना का विवरण हेल्पलाइन नम्बर 112 में खबर दे सकता है।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

# कानून के साथ सरकारी योजनाएं बताई

**हरदा।** ग्राम पंचायत गोंदागांव खुर्द, शासकीय माध्यमिक शाला कुहीग्वाडी, ग्राम पंचायत गाडामोड खुर्द एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करताना में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमों में मुख्य रूप से उपस्थित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रषेखर राठौर द्वारा उपस्थित महिलाओं, पुरूषों एवं बच्चों को बताया कि नालसा की योजना साथी बच्चों की कानूनी पहचान सुनिश्चित करने और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निराश्रित और वंचित बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करना, आधार पंजीकरण और अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ना, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण तक पहुंच सुनिश्चित करना और दीर्घकालिक पुनर्वास और समावेशन को सक्षम करना है। इस योजना के तहत निराश्रित, अनाथ और परित्यक्त बच्चों की पहचान की जाएगी तथा उनके आधार कार्ड बनवाए जाएंगे। इससे उन्हें न केवल एक पहचान मिलेगी, बल्कि वे समाज की मुख्य धारा से भी जुड़ेंगे। आधार कार्ड बनने के बाद इन बच्चों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। इसी क्रम में बताया गया कि आप, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर/पत्र के माध्यम से/नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर/15100 पर काल कर विधिक सहायता/सलाह आसानी से प्राप्त कर सकते है। शिविर में ग्राम पंचायत गोंदागांव सरपंच मिथलेष राजपूत, सचिव मेघा अटूटे, ग्राम पंचायत कुहीग्वाडी सचिव गणेष बांके, सह सचिव सुनिल यदुवंषी, ग्राम पंचायत गाडामोड खुर्द सहायक सचिव रामजीवन टेकाम एवं ग्राम पंचायत करताना सह सचिव रितेष गिनारे एवं प्राचार्य पूनमचंद्र दांदरे, महिलाएं, पुरूष, बच्चे एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स राहुल जाट इत्यादि उपस्थित रहे।



### किसानों को योजना में लाभ मिल सकेगा

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ फसल का अंतिम तिथि 31 तक बीमा कराएं

**खंडवा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों से खरीफ फसल का बीमा कराने की अपील की गई है। कृषि विभाग ने जानकारी दी है कि जिले की खंडवा, पंधाना, खालवा, हरसूद, पुनासा, मूंदी और छैगांवमाखन तहसीलों में कपास फसल अधिसूचित की गई है, जबकि खंडवा नगर और किल्लौद क्षेत्र के लिए कपास अधिसूचित नहीं है। जिले में सोयाबीन और मक्का फसलें अधिकतर पटवारी हल्कों में अधिसूचित की गई हैं। कृषि विभाग ने बताया कि जिन ऋणी किसानों ने जिन फसलों की बुआई की है, यदि वह फसलें संबंधित पटवारी हल्कों में अधिसूचित हैं, तो उन्हें प्राथमिक कृषि सहकारी समिति या संबंधित बैंक को बुआई की जानकारी देना अनिवार्य है, ताकि फसल बीमा सुनिश्चित किया जा सके। इससे प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को योजना के तहत लाभ मिल सकेगा। ऋणी किसानों का बीमा सहकारी समिति या बैंक द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यदि कोई ऋणी किसान बीमा नहीं कराना चाहता है, तो उसे निर्धारित असहमति पत्र फार्म (आप्टआउट फार्म) भरकर बैंक या समिति में प्रस्तुत करना होगा। यह फार्म योजना के पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, जिसके लिए किसान के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। यह ओटीपी दर्ज करने के बाद ही आप्टआउट फार्म स्वीकार किया जाएगा। यह प्रक्रिया अंतिम तिथि 31 जुलाई से 7 दिन पूर्व तक ही मान्य रहेगी। जो अऋणी किसान फसल बीमा कराना चाहते हैं, वे कॉमन सर्विस सेंटर, संबंधित सहकारी समिति या बैंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### नशे से दूरी है जरूरी: पुलिस का जनजागरूकता अभियान जारी

# स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई, रैलियां निकालकर किया जागरुक

**खंडवा।** प्रदेश व्यापी नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत खंडवा जिले में जन-जागरूकता की श्रृंखला में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिले के पुलिस लाइन में समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक मनोज राय के निर्देशन और अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश रघुवंशी एवं अति पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारनेकर के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों ने स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और रैलियाँ निकालीं। ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त प्रयासों से शहर की प्रथम नागरिक अमृता अमर यादव एवं विधायक कंचन मुकेश तनवे ने जनता से नशा न करने की अपील की। साथ ही नशे से दूरी है जरूरी लिखी पट्टियाँ वाहनों पर लगाने की पहल को समर्थन दिया। थाना कोतवाली, जी.आर.पी. व आर.पी.एफ. ने रेलवे स्टेशन पर कुली, ऑटो चालक, बच्चों और मजदूरों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। हरसूद थाना क्षेत्र में बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन छनेरा पर आमजन को जागरूक किया गया और शपथ दिलाई गई।चौकी रामनगर के स्टाफ ने रामनगर चौराहे के मंदिर पर कांवड़ यात्रियों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी और शपथ दिलाई। ग्राम सांवलीखेड़ा के शासकीय हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को नशे से बचने की शपथ दिलाई गई। थाना खालवा क्षेत्र की भंडारी मिल में मजदूरों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। किल्लौद थाने द्वारा ग्राम गंभीर के मिडिल स्कूल एवं बस स्टेशन पर जागरूक कर शपथ दिलाई गई।



### 47 करोड़ से होगा निर्माण

# खंडवा नगर निगम भवन की जगह अब बनेगा सेंट्रल मॉल



**खंडवा।** शहर के मध्य स्थित नगर निगम कार्यालय भवन की जगह अब सेंट्रल मॉल बनाने की योजना तैयार की गई है। नगर निगम का नया कार्यालय सिविल लाइन क्षेत्र में बन रहा है, ऐसे में पुराने भवन की जगह आधुनिक मॉल का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इस मॉल का थ्री-डी मॉडल और प्रारंभिक प्लान सार्वजनिक कर दिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार सेंट्रल मॉल का निर्माण 47 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह मॉल नगर निगम की 4,511 वर्ग मीटर भूमि पर बनेगा, जिसमें कुल निर्माण क्षेत्र 8,303.34 वर्ग मीटर होगा। ग्राउंड प्लस चार फ्लोर वाले इस मॉल की ऊंचाई 15 मीटर निर्धारित की गई है। लगभग 40 प्रतिशत ग्राउंड कवरेज के साथ इसमें दो तहखानों में 128 कारों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। मॉल की दुकानों की व्यवस्था भी तय कर दी गई है। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर 90-90 दुकानों का संचालन होगा। सेकेंड फ्लोर शोरूम के लिए आरक्षित रहेगा, जबकि थर्ड और फोर्थ फ्लोर पर मल्टीप्लेक्स, रेस्टोरेंट, गेम जोन, कैफे, आइसक्रीम पार्लर, जूस बार सहित मनोरंजन और खानपान से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। नगर निगम ने परिसर में पहले से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों से बातचीत की है। नगर निगम का कहना है कि सभी निर्णय व्यापारियों की सहमति से ही लिए जाएंगे। महापौर ने बताया कि यह फिलहाल एक प्रस्ताव है और अंतिम निर्णय कई चरणों की बैठक के बाद ही लिया जाएगा। सेंट्रल मॉल के निर्माण से शहर को एक नया व्यवसायिक और मनोरंजन स्थल मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यापार और सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल यह योजना निर्णय प्रक्रिया के शुरुआती चरण में है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आदिवासी अंचल में बना रहा है भवन

# उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण विवादों में, मापदंडों के विपरीत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन खरगोन द्वारा इस आदिवासी अंचल में निर्माणाधीन उपस्वास्थ्य केंद्र भवन विवादों में है। आरोप है कि इनका निर्माण गुणवत्ता-विहीन होकर निर्धारित मापदंडों के अनुसार नहीं है। कमोबेश, ग्राम रेहटफल में निर्माणाधीन ऐसे ही कार्य को लेकर ग्रामीणजन मुखर हुए हैं। वहां तकनीकी-दल से जांच कराने की मांग जोर पकड़ रही है। वहां के सामाजिक कार्यकर्ता राम बोरियाले ने मंगलवार को मिशन की उपयंत्री ममता बड़ोले और ठेकेदार देवीश पाटिल से चर्चा की है। जिसमें उन्हें निर्धारित मापदंडों के विपरीत गुणवत्ता-विहीन कार्य करने की जानकारी दी है। लेकिन उनके विरोधाभासी-कथनों से बोरियाले ने उन पर कथित मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। जबकि उपयंत्री ममता बड़ोले से दूरभाष पर बताया ने कहा है कि 50 प्रतिशत बालू रेत का उपयोग होना चाहिए। जबकि ठेकेदार पाटिल ने कहा कि काली रेट से ही निर्माण होगा,आप कहीं भी जाओ। इसके बाद दोनों ही फोन अटेंड नहीं कर रहें हैं। बोरियाले ने यह भी बताया कि भवन की दूसरी मंजिल-निर्माण में भी काली रेत का उपयोग किया जा रहा है और कहीं कोई सुधार नहीं किया जाकर मनमानी की जा रही है।



#### निरीक्षण में भी हुआ विरोध

पिछले दिनों ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर उक्त आशय के वीडियो बहुप्रसारित किये थे। इसके बाद उपयंत्री बड़ोले और ठेकेदार पाटिल भी वहां पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों में राम बोरियाले,पवन जायसवाल, कमल बोरियाले, मुन्ना ढोकलिया, दिनेश ओसले ने भी उक्त आशय की शिकायतें की थी। जिसमें बालू की बजाय काली रेत,12 एमएम सरिये के स्थान पर 8 एमएम सरिये का उपयोग और 5 इंच के स्थान पर ढाई-तीन इंच की काली रेत से छत भरने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें कार्य में सुधार का आश्वासन दिया था,लेकिन इसके विपरीत मनमानी कर गुणवत्ता विहीन-कार्य किये जा रहें हैं। इस प्रतिनिधि द्वारा कई बार उपयंत्री को फोन करने पर अटेंड नहीं किया जा रहा है।

#### अनुकरणीय पहल पर उठ रहे सवाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नईदिल्ली द्वारा स्वास्थ्य सेवा को मजबूती और उसे गाँवों तक पहुंचाने की अनुकरणीय-पहल की जा रही है। जिसमें 15 वें वित्त आयोग से क्षेत्र के 42 में से 23 स्वास्थ्य केन्द्र-निर्माण की स्वीकृति मिली है। इनका निर्माण,मापदंडों के विपरीत होने से मिशन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहें हैं। विदित ही है कि जिले में 364 उप-स्वास्थ्य केंद्र हैं,जिनका स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों(एचडब्ल्यूसी) में क्रमशः उन्नयन किया जा रहा है। फलस्वरूप गाँव में ही स्क्रीनिंग,माता एवं शिशु सेवाओं में विस्तार,गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और सस्ती,सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य-सेवायें प्रदान की जा सकेगी। लेकिन गुणवत्ता-विहीन निर्माण से सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी-पहल पर कुठाराघात हो रहा है।

#### इनका कहना है

शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार ही उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण और भवन की छत भरी गई है। काली रेत के उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन 10% से अधिक धूल नहीं होना चाहिए। इसकी गुणवत्ता की तकनीकी जांच में मुझे कोई दिक्कत नहीं है।

**देवेश पाटिल,** नागराज कंस्ट्रक्शन।